संचिका सं० – प्र०–08/स्व०दि०–07–03/2025...678

**बिहार सरकार**

***मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग***

प्रेषक,

**अखिलेश कुमार सिंह,** मा०प्र०से०
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

**सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,**

**सभी विभागाध्यक्ष।**

पटना–15, दिनांक–.....11.....जुलाई, 2025

विषय :– **स्वतंत्रता दिवस समारोह (15 अगस्त, 2025) के अवसर पर झाँकियों के प्रदर्शन के सम्बंध में।**

महाशया/महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बंध में सूचित करना है कि पूर्व की भांति स्वतंत्रता दिवस समारोह–2025 के अवसर पर गाँधी मैदान, पटना में विभिन्न विभागों द्वारा 'झाँकी' प्रदर्शित की जानी है।

अतः अनुरोध है कि झाँकी प्रदर्शन की सहमति, झाँकी का विषय–वस्तु, नोड्ल पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम (सम्पर्क नम्बर सहित) की सूचना दिनांक 25.07.2025 तक निश्चित रूप से इस विभाग को भेजने की कृपा की जाय ताकि अग्रेतर कार्रवाई ससमय सुनिश्चित की जा सके। इस सम्बंध में यह भी ध्यान रखा जाय कि झाँकियों की विषय–वस्तु की पुनरावृत्ति न हो।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन,

11/07/2025

**(अखिलेश कुमार सिंह)**
सरकार के अपर सचिव।

E:\15 AUGUST\2025\Letters.doc